SL. No. : U

**A**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 46 ]
Total No. of Questions : 46 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**CCE RR REVISED**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2019 ] [ Date : 28. 06. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 46 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**Tear here**

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1. प्रेमचंद जी चौक में क्यों गये थे ?
2. अब्दुल कलाम जी के पिता कैसे व्यक्ति थे ?
3. हमें अच्छो आदतें किस उम्र में डालनी हैं ?
4. ईश से दिया हुआ अनुपम धन क्या है ?
5. कविता के अनुसार वर्तमान दुनिया कैसी है ?
6. किंद्रू लालिम और किंचा लालीदाम ने क्या तय किया ?

II. 7. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| 'क' | | 'ख' | |
|---|---|---|---|
| अ) | सिंगफो आदिवासी | i) | संगठित शक्ति का संदेश |
| आ) | बिछेंद्री पाल | ii) | पश्चिमोत्तर भारत के |
| इ) | संत का गुण | iii) | मुख के समान |
| ई) | बाल-शक्ति | iv) | पूर्वोत्तर भारत के |
| | | v) | प्रसिद्ध लेखिका |
| | | vi) | हंस के समान |
| | | vii) | साहसी महिला । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

8. रामू : बेईमान : : बसंत : .......................
9. मेरा बचपन : आत्मकथा : : रोबोट : .......................
10. कौआ : काव-काव : : गिल्लू : .......................
11. बालकृष्ण का रंग : काला : : नंद और यशोदा का रंग : ....................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

12. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने क्या किया ?
13. महादेवी वर्माजी ने गिल्लू की जान कैसे बचायी ?
14. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की आवश्यकता क्यों थी ?
15. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?
16. रोज़ एक सेब खाने से क्या लाभ हैं ?
17. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?
18. परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?
19. मानव के लिए सुख की प्राप्ति कब सभव है ?
20. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?
21. शनि का वायुमंडल कैसा है ?

**अथवा**

शनि ग्रह को अत्यंत ठंडा ग्रह क्यों कहा जाता है ?

22. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

**अथवा**

नागरिक के कोई तीन कर्तव्य लिखिए ।

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

23. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । इस कथन का समर्थन कीजिए ।
24. भारत माता के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।
25. पं० राजकिशोर के मानवीय गुण अनुसरणीय हैं । कैसे ? बताइए ।
26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : $1 \times 4 = 4$

27. कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखो है । स्पष्ट कीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

असफलता ..............................................

............................................................

............................................................

............................................... भागो तुम ।

**अथवा**

राम नाम ................................................ ।

................................................. उजियार ।।

## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. 'सदाचार' का विलोम शब्द है –

(A) निराचार (B) दुराचार

(C) विचार (D) समाचार ।

30. निम्नलिखित में से एकवचन है –

(A) किताबें (B) जानकारियाँ

(C) पैसे (D) कमरा ।

31. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है –

(A) हाथी (B) आदमी

(C) बहन (D) शेर ।

32. 'महोत्सव' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ संधि (B) गुण संधि

(C) वृद्धि संधि (D) यण् संधि ।

33. दशरथ ...................... चार पुत्र थे ।

इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा –

(A) का (B) की

(C) में (D) के ।

34. कहाँ चोट लगी है ?

इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) विस्मयादिबोधक

(C) पूर्ण विराम (D) योजक चिह्न ।

35. निम्नलिखित में से 'द्विगु समास' का उदाहरण है –

(A) राजधानी (B) दोपहर

(C) श्रद्धा-भक्ति (D) भरपेट ।

36. निम्नलिखित शब्दों में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है –

(A) लिखावट (B) लेखन

(C) लिखाना (D) लिखाई ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

परशुराम ऋषि जमदग्नि के पुत्र थे । एक बार राजा कार्तवीर्य सहस्रबाहु शिकार खेलते हुए जमदग्नि के आश्रम में आए । जमदग्नि के पास कामधेनु थी जो विशेष गाय थी, कहते हैं कि वह सभी कामनाएँ पूरी करती थी । कार्तवीर्य सहस्रबाहु ने ऋषि जमदग्नि से कामधेनु गाय की माँग की । ऋषि द्वारा मना किए जाने पर सहस्रबाहु ने कामधेनु का बलपूर्वक अपहरण किया । इस पर क्रोधित हो परशुराम ने सहस्रबाहु का वध कर दिया । इस कार्य की ऋषि जमदग्नि ने बहुत निंदा की और परशुराम को प्रायश्चित करने को कहा । उधर सहस्रबाहु के पुत्रों ने क्रोध में आकर ऋषि जमदग्नि का वध कर दिया । इस पर पुनः क्रोधित हाकर परशुराम ने पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन करने की प्रतिज्ञा की ।

37. राजा सहस्रबाहु जमदग्नि के आश्रम कैसे आए ?

38. सहस्रबाहु ने कामधेनु गाय की माँग क्यों की ?

39. परशुराम ने सहस्रबाहु का वध क्यों किया ?

40. परशुराम ने क्या प्रतिज्ञा की ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : $4 \times 1 = 4$

41. मैसूर का राजमहल अत्यंत सुंदर है ।

42. रास्ते में उन्हें साँप मिला ।

43. आशियम्मा, जैनुलाबदीन की आदर्श जीवनसंगिनी थीं ।

44. आज का युग इंटरनेट युग है ।

X. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय से संबंधित पत्र लिखिए : $1 \times 4 = 4$

45. बड़े भाइ के विवाह में सम्मिलित होने के कारण बताते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपने पिताजी को पत्र लिखिए जिसमें पाठशाला के वार्षिकोत्सव का वर्णन हो ।

XI. 46. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : $1 \times 4 = 4$

क) खेल का महत्व

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ खेल के प्रकार
- ✳ खेल से लाभ
- ✳ उपसंहार ।

ख) इंटरनेट-एक वरदान

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ अर्थ
- ✳ उपयोग
- ✳ उपसंहार ।

ग) बेरोज़गारी

- ✳ विषय प्रवेश
- ✳ कारण
- ✳ उपाय
- ✳ उपसंहार ।